www.bharatsamvad.in
R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

मौसम
अधिकतम तापमान 39.c
30.c न्यूनतम तापमान
बाजार
सोना 101.700g
चांदी 106.000 kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

ऐप में पढ़े
E-PAPER
भारत संवाद
Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

2 ईरान-इजरायल संघर्ष से संकट में विश्व, अमेरिका के एक्शन से बढ़ रहा संकट
एनएसए डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात 06

वर्ष :17 | अंक :84 | प्रयागराज , बुधवार , 25 जून , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 1 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### सिर मुंडवाया, महिला के पैरों पर रगड़वाई नाक... इटावा में कथावाचक की पिटाई कांड की पूरी कहानी, जाति पूछकर गांव से खदेड़ा

इटावा, पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दंदरपुर गांव में ऊंची जाति के लोगों के एक समूह ने एक धार्मिक उपदेशक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा दिया, क्योंकि उन्हें पता चला कि वे यादव जाति से हैं। सिर मुंडवाने की यह घटना रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को हुई और आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मुंडन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित कथा वाचक थे और गांव में भगवद कथा के लिए गए थे। आइये जानते है कि पूरा मामला क्या है ? उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के दांदरपुर गांव में कथित तौर पर ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने यादव जाति के एक कथा वाचक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार देर रात बताया कि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी ( सपा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### अनंतनाग में आतंकवादियों का मददगार को गिरफ्तार, पुंछ में सुरक्षा बलों का जारी है 12 स्थानों पर तलाश अभियान

जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को लगभग 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से आतंकवादियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यहां जानकारी दी। सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बिजबेहरा शहर से बुरहान अमीन मलिक को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के मददगार के कब्जे से एक हथगोला बरामद किया गया।

# ईरान-इजराइल सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

## ट्रम्प बोले- जंग रुकी; कुछ देर बाद ईरान ने मिसाइलें दागीं, जवाब में इजराइल ने बम गिराए

**सीजफायर टूटा**

ईरान-इजरायल संघर्षविराम के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान और इजरायल दोनों ने संघर्षविराम (सीजफायर) का उल्लंघन किया है. उन्होंने इजरायल को चेतावनी भी दी और उन्हें सख्ती से कहा कि वे अपने पायलट्स को वापस बुलाएं और ईरान में बम न गिराएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तेहरान/तेल अवीव ,इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीशेर्बा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं ।ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है ।ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा, 'मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है ।दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, आज सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें। ट्रम्प बोले- मैं ईरान में तख्ता पलट के खिलाफ, इससे अशांति फैलेगीअमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर ईरान में तख्ता पलट के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए जाते समय एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, 'मैं तख्ता पलट नहीं चाहता।



### सीजफायर तोड़ने पर ट्रंप की इजरायल को चेतावनी... दोबारा हमले पर भड़के, बोले- ईरान से भी खुश नहीं

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और ईरान ने शत्रुता समाप्त करने के लिए मंगलवार की समय-सीमा समाप्त होने के बाद हमले करके युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन किया है। हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने लगातार हो रहे हमलों पर निराशा व्यक्त की।ट्रंप ने कहा, उन्होंने इसका उल्लंघन किया, लेकिन इजरायल ने भी इसका उल्लंघन किया। मैं इजरायल से खुश नहीं हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल माडिया पर एक पोस्ट में कहा- इजराइल! उन बमों को मत गिराओ। अगर तुम ऐसा करते हो, तो यह एक बड़ा उल्लंघन होगा, अपने पायलटों को तुरंत घर ले आओ! संघर्ष विराम शुरू होने के बाद भी दागी गई मिसाइलेंबीरशेबा: इजरायल और ईरान के बीच अस्थायी तौर पर मंगलवार को घोषित संघर्ष विराम उस समय खटाई में पड़ता नजर आया जब तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं

### इजरायली हमले में ईरानी सेना आईआरजीसी के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ की मौत

वाई नेट मीडिया के मुताबिक ईरानी सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के इंटेलिजेंस डिप्टी चीफ अली रजा लतीफी इजराइली हमले में मारे गए। हालांकि, रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह हमला कौन सा था और कब हुआ था। नेतन्याहू के ऑफिस ने तेहरान में ताजा हमले के बाद कहा है कि वह ईरान पर अब और हमले नहीं करेगा।


# ऑपरेशन सिंदूर पर बोले पीएम मोदी- भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं

## पीएम मोदी बोले- कोर्ट से लेकर स्पेस तक, बेटियां नाम कर रही हैं रोशन

> मोदी ने कहा कि श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी हैं। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं, श्रीनारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं।

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर उन्होंने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा, हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्या के बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।



प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी हालही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी— एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, यानी एक धरती एक स्वास्थ! इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है।

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बुलाया

## महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी के आरोप पर बातचीत करेगा, राहुल ने कहा था- चुनाव में फिक्सिंग हुई



एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और इस बारे में जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या केवल पांच महीनों में आठ प्रतिशत बढ़ गई। उन्होंने दावा किया, कुछ बूथों पर 20-50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना किसी सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी ? चुप - या मिलीभगत ! उन्होंने आरोप लगाया, ये अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं। ये वोट की चोरी है। छिपाना ही स्वीकारोक्ति है। राहुल गांधी ने कहा, इसलिए हम मशीन-रीडेबल डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तत्काल जारी करने की मांग करते हैं। उन्होंने पिछले दिनों अलग-अलग भाषाओं के अखबारों में लेख लिखकर भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए थे। दूसरी तरफ, निर्वाचन आयोग ने उन्हें पत्र लिखकर कहा है कि आयोग द्वारा सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार कराए जाते हैं। आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान हजारों कर्मी तैनात होते हैं, जिनमें राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं।

> महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर राहुल गांधी ने फिर खड़े किए सवाल, निर्वाचन आयोग से की यह बड़ी डिमांड

### दिल्ली में बिजनेस खोलना और चलाना हुआ आसान, पुलिस से वापस ली गईं 7 लाइसेंसी शक्तियां

एजेंसी

नई दिल्ली ।अब राष्ट्रीय राजधानी में भोजनालयों, डिस्कोथेक और मनोरंजन पार्कों के व्यवसाय मालिकों और प्रतिष्ठानों को परिचालन गतिविधि के लिए दिल्ली पुलिस से लाइसेंस प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी के व्यवसाय मालिकों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए दिल्ली पुलिस लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त करने के फैसले का स्वागत किया है और इसे लालफीताशाही से बड़ी राहत बताया है ।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे दिल्ली के लिए एक ऐतिहासिक लोक कल्याणकारी आदेश बताते हुए


# लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश ही आपातकाल है...

## इमरजेंसी के 50 साल पर बोले अमित शाह

**शाह ने आगे कहा कि वो लड़ाई इसलिए जीती गई क्योंकि इस देश में कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत लोकतंत्र की जननी है। उस समय आपातकाल को तानाशाहों और उससे लाभान्वित होने वाले छोटे समूह को छोड़कर कोई भी पसंद नहीं करता।**

एजेंसी

नई दिल्ली। 'आपातकाल के 50 साल' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या है। एक सवाल उठ सकता है कि 50 साल पहले हुई किसी घटना पर अब चर्चा क्यों हो रही है ? जब किसी राष्ट्रीय घटना के 50 साल पूरे होते हैं, चाहे वह अच्छी हो या बुरी, समाज में उसकी स्मृति धुंधली हो जाती है। अगर लोकतंत्र को हिला देने वाली आपातकाल जैसी घटना की स्मृति मिट जाती है, तो यह राष्ट्र के लिए हानिकारक है। शाह ने आगे कहा कि वो लड़ाई इसलिए जीती गई क्योंकि इस देश में कोई भी तानाशाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत लोकतंत्र की जननी है। उस समय आपातकाल को तानाशाहों और उससे लाभान्वित होने वाले छोटे समूह को छोड़कर कोई भी पसंद नहीं करता। उन्हें भ्रम था कि कोई उन्हें चुनौती नहीं दे सकता, लेकिन आपातकाल के बाद जब पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए तो आजादी के बाद पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने ।अमित शाह ने कहा, आपातकाल को एक वाक्य में परिभाषित करना कठिन है। मैंने एक परिभाषा देने की कोशिश की है। एक लोकतांत्रिक देश के बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश ही आपातकाल है... ।उन्होंने कहा कि कल्पना कीजिए कि आजाद होने के विचार के कारण आपको जेल में डाल दिया जाए। हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि वह सुबह भारत के लोगों के लिए कितनी क्रूर रही होगी। शाह ने कहा कि मैं 11 साल का था (जब आपातकाल की घोषणा हुई थी)। गुजरात में आपातकाल का असर काफी कम था क्योंकि वहां जनता पार्टी की सरकार बनी थी। लेकिन बाद में जनता पार्टी की सरकार गिर गई.



# ईरान पर अमेरिकी बमबारी खुली आक्रामकता है :मौलाना महमूद मदनी

## जमीयत प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने की कड़ी निंदा

मौलाना मदनी ने जोर देकर कहा कि जब तक पश्चिम एशियाई देश एकजुट होकर अपनी धरती से अमेरिकी ठिकानों को नहीं हटाते, तब तक इस क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती।

एजेंसी

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने ईरान पर हाल ही में अमेरिका द्वारा की गई बमबारी की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल अब पश्चिम एशिया में खून-खराबे और आतंकवाद का केंद्र बन गया है, जिसे अमेरिका से पूरा संरक्षण मिल रहा है। महमूद असद मदनी ने कहा कि अमेरिका ने अपनी आक्रामक नीतियों के माध्यम से लगातार दुनिया को नुकसान पहुंचाया है और पश्चिम एशिया में उसकी उपस्थिति एक उपचारात्मक शक्ति से जहर के स्रोत में बदल गई है। मौलाना मदनी ने जोर देकर कहा कि जब तक पश्चिम एशियाई देश एकजुट होकर अपनी धरती से अमेरिकी ठिकानों को नहीं हटाते, तब तक इस क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा पूरा क्षेत्र इन शैतानी साजिशों का शिकार होता रहेगा, जैसा कि इराक, अफगानिस्तान और लीबिया के साथ हुआ और अब ईरान के खिलाफ भी यही घिनौना खेल दोहराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी शक्तिशाली देश को अपने विवेक से दुनिया में कहीं भी सैन्य बल का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। इस तरह की हरकतें न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि वैश्विक अविश्वास, घृणा और अस्थिरता को भी बढ़ावा देती हैं।





# 1 जुलाई से ट्रेन का सफर होगा महंगा

## किराया बढ़ाने की तैयारी में भारतीय रेलवे

रेलवे अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए किराया ढांचे से यात्रियों के बजट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उपनगरीय ट्रेन के किराए और मासिक सीजन टिकट की कीमतें अपरिवर्तित रहेंगी, जिससे काम पर आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी।

एजेंसी

भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कई वर्षों में पहली बार यात्री ट्रेन के किराए में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। संशोधित दरें 1 जुलाई से लागू होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर 1 पैसे की दर से किराया बढ़ाना होगा। मंगलवार को रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देशभर में रोजाना करीब 13,000 गैर-एसी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी होगी। एसी श्रेणी के यात्रियों के लिए किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।रेलवे अधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए किराया ढांचे से यात्रियों के बजट पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।



## आरोप: एमके स्टालिन ने केंद्र पर लगाया पक्षपात का आरोप

# संस्कृत को फंड, तमिल के लिए मगरमच्छ के आंसू...

एजेंसी

नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाषा के वित्तपोषण में कथित पक्षपात को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की और उस पर तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं की उपेक्षा करते हुए संस्कृत को तरजीह देने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में स्टालिन ने लिखा, संस्कृत को करोड़ों मिलते हैं; तमिल और अन्य दक्षिण भारतीय भाषाओं को मगरमच्छ के आंसू के अलावा कुछ नहीं मिलता। तमिल के लिए झूठा लगाव; सारा पैसा संस्कृत के लिए! मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) और सार्वजनिक अभिलेखों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर द हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि केंद्र ने 2014-15 और 2024-25 के बीच संस्कृत को बढ़ावा देने पर 2,532.59 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके विपरीत, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और उड़िया - पांच अन्य शास्त्रीय भारतीय भाषाओं - के लिए संयुक्त आवंटन 147.56 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के अनुसार, तमिल, जिसे 2004 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था, को भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन के लिए अनुदान योजना के तहत 113.48 करोड़ रुपये मिले - जो संस्कृत से 22 गुना कम है। तेलुगु और कन्नड़ को संस्कृत पर खर्च किए गए धन का 0.5 प्रतिशत से भी कम मिला, जबकि मलयालम और ओडिया को 0.2 प्रतिशत से भी कम मिला। स्टालिन का बयान द्रविड़ पार्टियों के बीच लंबे समय से चली आ रही चिंता को दशार्ता है कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु की सांस्कृतिक और भाषाई प्राथमिकताओं को दरकिनार किया जा रहा है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारतीय विरासत और हिंदू धार्मिक परंपरा से जुड़ी है।

स्टालिन का बयान द्रविड़ दलों के बीच लंबे समय से चली आ रही इस चिंता को दशार्ता है कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु की सांस्कृतिक और भाषाई प्राथमिकताओं को दरकिनार किया जा रहा है, जो मुख्य रूप से उत्तर भारतीय विरासत और हिंदू धार्मिक परंपरा से जुड़ी है।



> मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) और सार्वजनिक अभिलेखों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर द हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें पता चला है कि केंद्र ने 2014-15 और 2024-25 के बीच संस्कृत को बढ़ावा देने पर 2,532.59 करोड़ रुपये खर्च किए।

# स्थानीय निवासियों को आतंकवादियों की...

## पहलगाम हमले को लेकर सीएम उमर अब्दुल्ला का बड़ा दावा



> जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों का बचाव किया, जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया। पत्रकारों से बात करते हुए, सीएम अब्दुल्ला ने कहा, पहलगाम हमले में कोई स्थानीय संलिप्तता नहीं है, एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए स्थानीय निवासियों को आतंकवादियों की मदद करने के लिए मजबूर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो कश्मीरी लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पहलगाम के रहने वाले आरोपी परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को जम्मू की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। एनआईए के अनुसार, दोनों व्यक्तियों ने हमले से पहले जानबूझकर तीन हथियारबंद आतंकवादियों को हिल पार्क में एक मौसमी झोपड़ी में पनाह दी, उन्हें भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की।

## सम्पादकीय

# जब जेल जैसा बन गया था देश, आपातकाल की बुरी यादें

आपातकाल के तहत अदालत जाने के अधिकार के साथ नागरिकों के कई मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। 25 जून की रात या फिर अगले दिन गिरफ्तार होने वालों में जेपी, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बीजू पटनायक, पीलू मोदी और राजनारायण आदि थे। आज से 50 वर्ष पहले देश पर थोपा गया आपातकाल एक ऐसा कालखंड है, जो गांधी, नेहरू, पटेल आदि के परिश्रम से बनी कांग्रेस की नेता इंदिरा गांधी के पदमोह का शिकार बना। उन्होंने तानाशाही, ज्यादती, निरंकुशता के बलबूते लोकतंत्र एवं स्वाधीनता पर बेरहमी से प्रहार किया। यह राजनीतिक अपराध था। इंदिरा गांधी की ओर से थोपे गए आपातकाल के अध्याय की शुरूआत 12 जून को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जगमोहन लाल सिन्हा के निर्णय से प्रारंभ होती है। 1971 के लोकसभा चुनावों में रायबरेली में इंदिरा का मुकाबला विपक्षी समाजवादी नेता राजनारायण से था। इंदिरा गांधी विजयी होती हैं, पर राजनारायण उनकी जीत को अदालत में चुनौती देते हैं। उन्होंने उन पर अपने निजी सचिव एवं सरकारी अधिकारी यशपाल कपूर को चुनाव एजेंट बनाने, स्वामी अद्वैतानंद को 50 हजार रुपये घूस देकर निर्दलीय प्रत्याशी बनाने, वायुसेना विमानों का इस्तेमाल करने, चुनाव में डीएम और एसपी की अनुचित मदद लेने, वोटरों को शराब, कंबल बांटने आदि आरोप लगाए। जस्टिस सिन्हा ने श्रीमती गांधी का चुनाव रद कर छह वर्ष के लिए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया। उनके फैसले को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी और उन्हें पदोन्नति का भी प्रलोभन दिया गया था। वे टस से मस नहीं हुए। हाई कोर्ट के फैसले के बाद नैतिकता का तकाजा था कि इंदिरा इस्तीफा देकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करतीं, पर 12 जून को ही भीड़ ने उनके आवास के समक्ष जस्टिस सिन्हा को सीआइए एजेंट बताकर नारेबाजी की। तब गुजरात और बिहार में कांग्रेस सरकारों के खिलाफ जारी आंदोलन को जेपी दिशा दे रहे थे। इलाहाबाद हाई कोर्ट का निर्णय आने पर इंदिरा के त्यागपत्र की मांग लेकर विपक्षी दल लामबंद होने लगे और 25 जून को रामलीला मैदान, दिल्ली में सभा रखी गई। यह सभा 20 को होनी थी, पर जेपी के दिल्ली आने के पहले ही यहां आने वाली उड़ानें अचानक रद कर दी गईं। अंततः सभा 25 जून को हुई। मैं लोकदल के प्रतिनिधि के रूप में वहां था। मंच का संचालन जनसंघ, जो बाद में भाजपा बनी, नेता मदनलाल खुराना कर रहे थे। जेपी ने इंदिरा सरकार को अवैध बताया और उनके इस्तीफे की मांग की तथा सरकारी कर्मियों एवं पुलिस वालों को असंवैधानिक सरकार के आदेश न मानने को कहा।

## आज का विचार

ज्यादा नहीं बस
इतने सफल हो जाओ कि
अपने माता-पिता की हर ख़्वाहिश
पूरी कर सको

भारत संवाद




**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा. आज जरूरी काम से शहर से बाहर जाना पड़ सकता है. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. बिजनेस में कोई बड़ी डील हो सकती है. आर्थिक लाभ होगा.परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. परिवार में नया मेहमान आ सकता है.

**वृषभ राशि:** आज का दिन सामान्य रहेगा. सोचे हुए काम पूरे होंगे. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. शादी के प्रस्ताव मिलेंगे. यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. कोई भी फैसला सोच-समझकर लें.

**मिथुन राशि:** आज परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं,. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्यों का योग बनेंगे.

**कर्क राशि:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप किसी विशेष कार्य से बाहर जा सकते हैं. यात्रा संभलकर करें.कोर्ट केस में आज जीत दर्ज होगी. व्यापार-व्यवसाय में आय के नए स्त्रोत बनेंगे. परिवार में मान सम्मान बढ़ेगा.

**सिंह राशि:** आज का दिन उतार चढाव वाला रहेगा. स्वास्थ्य के कारण आज परेशान रहेंगे. मानसिक तनाव और क्लेश बना रहेगा.वाहन संभल कर चलाएं. लापरवाही के कारण चोट लग सकती है. पत्नी व परिवार से मतभेद हो सकता है.

**कन्या राशि :** आज स्वास्थ्य पर ध्यान दें.खानपान पर नियंत्रण रखें. बाहर यात्रा पर जाएं, तो वाहन का उपयोग संभल कर करें.व्यापार व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है. किसी करीबी के कारण हाथ से बड़ा ऑफर निकल सकता है.

**तुला राशि :** आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी. मन प्रसन्न रहेगा. कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे. परिवार में आप के मान सम्मान में वृद्धि होगी कोई नया वाहन आदि खरीद सकते हैं.

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है. बहुत दिन से जिस कार्य का सोच रहे हैं, वो पूरा होगा. किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा.

**धनु राशि:** आज पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे. परिवार से सहयोग मिलेगा.व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है. आज वाहन चलाने में सावधानी बरतें. पैतृक संपत्ति में आपको आप का हिस्सा मिल सकता है.

**मकर राशि:** आज का दिन बहुत भागदौड़ से भरा रहेगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आपको अत्यधिक परिश्रम करना पड़ सकता है व्यापार-व्यवसाय में सहयोगियों का व्यवहार अच्छा रहेगा.

**कुंभ राशि:** आज का दिन परेशानियों से भरा रहेगा. कोर्ट कचहरी आदि के विवाद में फंस सकते हैं. आपका कोई व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है. विरोधी वर्ग आपके प्रति षड्यंत्र रह सकते हैं. कोई बड़ा निवेश व्यापार में ना करें.

**मीन राशि :** आज का दिन शुभ है. किसी बड़ी समस्या से मुक्त हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होगी. व्यापार व्यवसाय में लाभ मिलेगा. रिश्तेदार मित्रों का आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ईरान-इजरायल संघर्ष से संकट में विश्व, अमेरिका के एक्शन से बढ़ रहा संकट

> जो भी हो, लगता नहीं कि रूस या चीन जैसे देश ईरान के पक्ष में बयान देने के अलावा और कुछ कर सकेंगे। चीन की अपनी सीमाएं हैं और रूस पहले से ही यूक्रेन में उलझा है। यदि पश्चिम एशिया के हालात और बिगड़े तो विश्व शांति के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे बढ़ सकते हैं।

पा अमेरिका की ओर से ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों को नष्ट किए जाने के बाद इजरायल ने भी इनमें से ही एक परमाणु संयंत्र को निशाना बनाया। अमेरिका, इजरायल, यूरोपीय देशों और ईरान के हमदर्द-दोस्त समझे जाने वाले रूस और चीन के बयानों को देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि ईरान का संकट बढ़ रहा है। इसी के साथ विश्व का भी संकट बढ़ रहा है, क्योंकि वे स्रोत और मार्ग बाधित हो सकते हैं, जो ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति के माध्यम हैं। ईरान भी ऊर्जा उत्पादन एवं आपूर्ति का एक केंद्र है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतें ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से पूरी करता है। भारत ईरान में बंदरगाह भी तैयार कर रहा है। ईरान कहे और करे कुछ भी, वह असहाय सा दिख रहा है। चूंकि भारत के इजरायल और ईरान, दोनों से अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसने सैन्य टकराव टालने पर जोर देने और तटस्थता का परिचय देना तय किया। फिलहाल यही उचित भी है। भारत को विश्व शांति के साथ अपने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इसलिए और भी, क्योंकि खुद को युद्ध विरोधी बताने और नोबेल शांति सम्मान की ललक रखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के पक्ष में खड़े होकर ईरान पर परमाणु हथियार बनाने की जिद पकड़ने एवं आतंक का सबसे बड़ा



समर्थक होने का दोष मढ़कर उस पर तो हमला बोला, लेकिन पाकिस्तान के प्रति प्रेम दिखा रहे हैं। यह आतंक के प्रति दोहरी नीति और भारत के हितों की अनदेखी है। जैसे ईरानी सत्ता परमाणु हथियार हासिल करने के साथ हमास, हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों का साथ देती है, वैसे ही पाकिस्तान भी लश्कर, जैश आदि आतंकी गुटों को पालता है। यदि हमास, हिजबुल्ला इजरायल संग अमेरिका के लिए भी खतरा हैं, वैसे ही पाकिस्तानी सेना की ओर से पाले जा रहे लश्कर, जैश भारत के लिए। इससे ट्रंप परिचित भी हैं, क्योंकि ये आतंकी संगठन अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र से भी प्रतिबंधित हैं। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप पाकिस्तान को धोखेबाज और आतंकियों को पालने वाला बता चुके हैं। आखिर उन्हें पाकिस्तान आतंक का दूसरा, तीसरा सबसे बड़ा समर्थक क्यों नहीं दिखता? यह देखने-समझने के बजाय उन्होंने हाल में पाकिस्तान के जिहादी सोच वाले सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अमेरिका निमंत्रित किया और उनकी तारीफ भी की। क्या इसलिए कि अपने निजी स्वार्थ साध सकें या फिर पाकिस्तान को झांसा दे सकें? जो भी हो, लगता नहीं कि रूस या चीन जैसे देश ईरान के पक्ष में बयान देने के अलावा और कुछ कर सकेंगे। चीन की अपनी सीमाएं हैं और रूस पहले से ही यूक्रेन में उलझा है। यदि पश्चिम एशिया के हालात और बिगड़े तो विश्व शांति के साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरे बढ़ सकते हैं। हाल में ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स नई दिल्ली में थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं सालगिरह मनाई, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारी साझेदारी की नींव है। 2022 के ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापार को नई रफ्तार दी है। ऑस्ट्रेलिया और भारत अब इसे व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते में बदलने की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिज निवेश साझेदारी से जुड़े करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिन्हें संयुक्त रूप से विकसित किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया-भारत रणनीतिक अनुसंधान कोष नई और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान का समर्थन करता है हमारी अर्थव्यवस्थाओं की परस्पर पूरकता ऑस्ट्रेलिया और भारत को एक-दूसरे का स्वाभाविक साझेदार बनाती है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत को किए जाने वाले निर्यात का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक संसाधन हैं, जो दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इन दिनों दक्षिण ऑस्ट्रेलिया प्रांत की अर्थव्यवस्था भी परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। हमारे यहां स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर आधारित उद्योगों में काफी प्रगति हुई है। आस्ट्रेलियन स्पेस एजेंसी और आस्ट्रेलियन इंस्टीट्यूट आफ मशीन लर्निंग जैसे विश्वस्तरीय संस्थान हमारे यहां हैं। हमने इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नवाचार परिसर स्थापित किए हैं, जो कई विश्वस्तरीय कंपनियों और स्टार्टअप का घर हैं। ये सभी विश्वविद्यालय और व्यावसायिक शिक्षा परिसरों से कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित हैं। उनकी यह नजदीकी महज एक सुविधा नहीं है, बल्कि यह छात्रों को अध्ययन के दौरान विश्वस्तरीय कंपनियों के साथ व्यावहारिक अनुभव और संपर्क प्राप्त करने और भविष्य के नियोक्ताओं के साथ जुड़ने में भी सक्षम बनाती है। विश्वविद्यालय भागीदारी, खाद्य एवं वाइन मिशन, कृषि-प्रौद्योगिकी और सतत विकास में सहयोगी उपक्रमों के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हमारी पारस्परिक समृद्धि हमारे साझा मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित हो। आज जब दुनिया में रणनीतिक स्पर्धा के कारण तनाव और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है, तब अपने साझेदारों के साथ मिलकर एक शांत, स्थिर और समृद्ध क्षेत्र बनाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है।

# ट्रंप के मिसाइल आक्रमण से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की सनक

संजीव ठाकुर

अब पूरा विश्व बारूद के ढेर पर बैठा दिखाई देता है। इजरायल-ईरान-अमेरिकी युद्ध की पुरानीं और तात्कालिक वजह जो भी हों परिणाम मानवता, मानवीय संवेदनाओं के विलुप्त होने और पृथ्वी के आग के गोले में बदलने का ही होगा। अगर इजरायल अमेरिका के मानसिक संतुलन, सनक खोने और ईरान की परमाणु बम बनाने की जिद्द, आतंकवादियों को समर्थन देने की चाहत और किसी धर्म के प्रति बेपनाह नफरत के परिणामस्वरूप विश्व युद्ध होता है तो फिर द्वितीय विश्व युद्ध की तरह भयानक त्रासदी को झेलने के लिए मानव को फिर तैयार रहना पड़ेगा। युद्ध के परिणाम हमेशा दुखद होते हैं और मानवता के लिए हमेशा खतरनाक तथा कष्टों से भरे होते हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार सत्ता में आने के बाद अपने रौद्र रूप में आ चुके हैं, बंदर के हाथ उस्तरा आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा की बराबरी करते हुए शांति का नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत में मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह हारने के बाद पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच के लिए बुला कर ट्रंप ने उसके सामने रोटी के दो टुकड़े क्या डाल दिए वह अपनी नमक हलाली के बदले डोनाल्ड ट्रंप को अपनी तरफ से शांति का नोबेल पुरस्कार की सिफारिश का तोहफा देना चाहता हैं। पाकिस्तान को यह अंदाजा भी नहीं है कि पाकिस्तान की छबि पूरे विश्व में इतनी खराब हो चुकी है कि यदि नोबेल पुरस्कार ट्रंप साहब को मिल भी रहा होगा तो पाकिस्तान की अनुशंसा पर नोबेल पुरस्कार को निरस्त कर दिया जाएगा। बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तरह अमेरिका ईरान तथा इजरायल के भयानक युद्ध के बीच 22 साल बाद सीधी तरह से जंग में उतर गया है इसके पूर्व अमेरिका 2003 में ऑपरेशन इराकी फ्रीडम में



युद्ध के मैदान में उतरा था। इस बार अमेरिका ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के माध्यम से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे पूरा ईरान दहल गया है। इसके पूर्व इसराइल ने ईरान पर आतंकवादी संगठनों हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हूती विद्रोहियों के माध्यम से 1200 निर्दोष नागरिकों की हत्या का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। इसराइल ने आक्रमण के बदले फिलिस्तीन, हमास, हिजबुल के संगठनों पर आक्रमण कर उन्हें नष्ट कर दिया है और कई आतंकवादी संगठनों को भी नेस्त-नाबूत कर दिया है। फिलिस्तीन ने इसराइल पर यह भी आरोप लगाया है कि उसने गाजा पर आक्रमण कर 27000 महिलाओं तथा बच्चों को निर्मम हत्या कर दी है। इसराइल और अमेरिका का आरोप है की परमाणु ईंधन संग्रहित कर उससे परमाणु बम बनकर इजरायल नाटो तथा यूरोपीय संगठनों के ऊपर आतंकवादी संगठनों के माध्यम से हमला करके पूरी यहूदी कौम को नष्ट करना चाहता है। ईरान के राष्ट्र प्रमुख आयतुल्लाह खेमनई कि यहूदी धर्म और उनके अनुयायियों के प्रति इतनी भयानक नफरत समझ से परे है और परमाणु बम बनाने की इच्छा भी इन्हीं धर्मावलंबियों को समूचा नष्ट करने का बड़ा कारण है। अमेरिका ने सीधे-सीधे जंग में उतरकर ईरान के तीन प्रमुख परमाणु संग्रहण केन्द्रों को पूरी तरह तबाह करने का प्रयास किया है। अमेरिका ने 7 इ2 खतरनाक बमों से फोर्दो, नतांज, इस्फहान पर बंकर बस्टर बम गिरे हैं अमेरिका ने दावा किया है की ईरानी परमाणु फैसिलिटी प्रोग्राम पूरी तरह नष्ट कर दिया गया और परमाणु भंडारण ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया है। पर ईरान ने अपने आधिकारिक सूत्रों से बताया कि उन्हें कोई भारी परमाणु नुकसान नहीं हुआ है और उस थोड़ी बहुत नुकसान की मरम्मत बहुत जल्द ही कर ली जाएगी। अमेरिका के इस आक्रमण के जवाब में ईरान ने इसराइल पर 20 मिसाइलों से हमला अपने हाइपरसोनिक मिसाइल से इसराइल के सैन्य ठिकानों पर किया है और इस हाइपरसोनिक मिसाइल के ईरानी हमले से इसराइल के तेल अबीब के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे और सैनिक ठिकाने नष्ट हुए हैं। अमेरिका ने अभी भी आरोप लगाया है कि ईरान दुनिया में आतंकवाद का पोषण करने वाला नंबर एक देश है और ईरान का भविष्य या तो शांति या त्रासदी से जुड़ा हुआ है और यदि ईरान शांति के लिए तैयार नहीं हुआ तो इसके और ठिकानों पर सटीक और गतिमान हथियारों से हमले किए जाएंगे।

### अमेरिका का खतरनाक हमला।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अमेरिका ने ईरान पर सबसे बड़े शक्तिशाली विमानों से ईरान के तीन बड़े परमाणु ईंधन ठिकानों पर ऑपरेशन मिडनाइट हमर के अंतर्गत 72 विमान से रविवार के तड़के 21 जून को 30000 पाउंड वाली एक दर्जन बंकर बस्टर बम फोर्दो परमाणु संग्रहण ठिकानों पर गिराये। इसी तरह नौसेना की पनडुब्बियों ने दो महत्वपूर्ण केंद्र नतांज और इस्फहान पर 30 टॉम हॉक क्रूज मिसाइलें दागी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका के मिडिल ईस्ट में सैनिक ठिकानों पर हमला तो नहीं किया पर इजरायल इसराइल पर उसके 14 शहरों में पर खैबर हाइपरसोनिक मिसाइल से बड़े हमले किए जिससे इसराइल को भारी जान माल का नुकसान हुआ है। ईरान तथा इसराइल ने अपने देश में इमरजेंसी घोषित कर दी है एवं वहां पर मीडिया को तुरंत नियंत्रण में ले लिया गया है। यह माना जाता है कि फोर्दो ईरान का सबसे बड़ा परमाणु ईंधन संबंधित केंद्र रहा है जिसे बचाने के लिए पहाड़ के अंदर गहराई से बनाया गया है दुनिया में केवल अमेरिकी सेना के पास ही ऐसे बम है जो इसे तबाह कर सकते हैं और तबाह करने के लिए अमेरिका ने एक साथ एक ही स्थान पर कई बम बरसाए हैं। पर ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार अली समखानी ने बताया की इस परमाणु केंद्र से आक्रमण के अंदर से के कारण पूर्व से ही हटा लिया गया इस संपूर्ण रूप से खाली कर दिया गया उन्होंने कहा कि हमारा संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह सुरक्षित है ईरानी संसद मोहम्मद मनान ने भी घोषणा की है की परमाणु सामग्री वहां पहले से ही हटाकर अन्य सुरक्षित स्थानों में संग्रहित कर दी गई है। अमेरिका ने दावा किया है कि उसके इस भयानक आक्रमण से ईरान की परमाणु बम बनाने के प्रोग्राम और परमाणु ईंधन फैसिलिटी प्रोग्राम को बहुत बड़ा धक्का लगा है एवं ईरान आने वाले 20 सालों में परमाणु बम बनाने की सोच भी नहीं सकेगा। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान अभी भी हथियार नहीं डालेगा तो ईरान को इसके बहुत बुरे परिणाम झेलने होंगे। इस तरह के युद्ध से केवल युद्धरत देश के नागरिकों आर्थिक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता है और वैश्विक अशांति का माहौल बनता है

# आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी है रेअर अर्थ में आत्मनिर्भरता

हरीश शिवनानी

पूरी दुनिया का ध्यान इस समय जब ईरान- इजराइल और गाजा संघर्षों में उलझा है, इसी दौर में भारत, अमेरिका सहित अनेक देश एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर उलझे हैं। यह मुद्दा है धरती के गर्भ में पाए जाने वाले उन 17 दुर्लभ खनिजों का, जिनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। पिछले कुछ महीनों में हालात ज्यादा विकट होने लगे हैं। रेअर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक, औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक, आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेअर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है, जिसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए ये ह्यअनिवार्य तत्वह्न हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नये ग्लोबल मैप के मुताबिक यों तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका, चिली, ब्राजील, यूक्रेन और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें ह्यरेअरह्न माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते; भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है–करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसदी है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्रप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं; लेकिन दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग ये काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम ह्यइंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेडह्न के पास रहा है लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं।

# प्रयागराज में पहली बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

## महापौर का निरीक्षण, जलभराव और टूटी सड़कों पर अधिकारियों को फटकारा

भारत संवाद

प्रयागराज, मानसून की पहली बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की कमियां उजागर कर दीं। मंगलवार को शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। टूटी सड़कें, पेड़ों की झुकी डालियां और खुले बिजली के तारों की शिकायतें मिलीं। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। नेता नगर चौराहे पर दो बड़े गड्ढे मिले। मेला मार्ग की सड़कें बारिश से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। शंकर लाल भार्गव रोड पर कूड़े-मलबे के ढेर देखे गए। पीडीए के जनसंपर्क बॉक्स खुले मिले। कोठापार्चा और आर्य कन्या मार्ग में गंदगी, अतिक्रमण



और टूटी नालियों की समस्याएं पाई गईं। माया प्रेस के पास नाले की सफाई नहीं होने से हल्की बारिश में भी जलभराव हो रहा है। सत्ती चौरा, एडीसी कॉलेज, नंदी कार्यालय और मुट्ठीगंज चौराहे पर पेड़ों की डालियां और नीचे लटकते बिजली के तार जोखिम बने हुए हैं। महापौर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश और रथयात्रा के समय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिजली के तारों को ऊंचा करने, सड़क-नाली की सफाई, कीटनाशक छिड़काव, टूटे ढक्कनों की मरम्मत और सार्वजनिक स्थलों से कूड़ा हटाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद नीरज गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी महेश कुमार, अधिशाषी अभियंता अनिल मौर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और जगन्नाथ रथयात्रा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक कुंतल गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

### मऊआइमा पुलिस और एसओजी ने उड़ीसा के तस्कर को पकड़ा, गांजे की कीमत 50 लाख



भारत संवाद

प्रयागराज , पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में एक कुंतल गांजा बरामद किया है। मऊआइमा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रात एक बजे एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान उड़ीसा के अंगुल जिले के पूनाकूट थाना क्षेत्र के लोई मुंडा निवासी पुरसंत के रूप में हुई। पुलिस ने मऊआइमा फोरलेन स्थित पटेल ढाबा के पास फ्लाईओवर के निकट खड़े ट्रक से चार बोरियों में रखा 100 किलो गांजा बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रक का चालक है। उसे एक अज्ञात व्यक्ति से वाट्सएप कॉल पर निर्देश मिले थे। गांजे को कोखराज ले जाना था। बरामद गांजे की कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया, इंस्पेक्टर मऊआइमा पंकज अवस्थी के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम के कई अधिकारी शामिल थे। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

## फास्ट ट्रैक

### थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा 15 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः24.06.2025 को उप-निरीक्षक सुरेश कुमारयादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से अभियुक्त सोनू करवल पुत्र पिन्टू करवल उर्फ पृथ्वीस करवल निवासी राजगढ़ थाना राजगढ जनपद मीरजापुर को 15 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-106/2025 अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

### थाना चिल्ह पुलिस द्वारा 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः24.06.2025 को उप-निरीक्षक बद्री प्रसाद मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चिल्ह क्षेत्र से अभियुक्त माया देवी पत्नी मनोज सोनकर निवासिनी दल्लापट्टी थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर को 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-160/2025 अन्तर्गत धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

### थाना को0कटरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0कटरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः24.06.2025 को उप निरीक्षक अरूण कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी सूरज कुमार अग्रहरी पुत्र विजय कुमार निवासी स्टेशन रोड़ थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

### मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

मीरजापुर ,मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशकए संयुक्त निदेशकए मण्डलीय कार्यक्रमध्लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारीए आई0सी0डी0एस0 तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षाए एच0एम0आई0एस0 कार्यकम की समीक्षाए आर0सी0एच0 कार्यक्रम की समीक्षाए कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षाए शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यकम की समीक्षाए क्वालिटी एश्योरेंश कार्यक्रमए राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यक्रमए के उपलब्धियों की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए

## महाप्रबन्धक श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने 08 रेल कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

### श्री कुलदीप सिंघल, बने माह मई, 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

भारत संवाद



दिनांक 24.06.2025 को महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी द्वारा प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री जे.सी.एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी एवं प्रयागराज मण्डलों से मई 2025 माह के लिए चयनित कुल 08 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में 1. श्री राम निहोरे, ट्रैकमैन कक, चित्रकूटधाम कर्वी, झाँसी मण्डल 2. श्री विपिन कुमार शुक्ल, लोको पायलट, प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल 3. श्री हरिओम मीना, उप टिकट निरीक्षक, ग्वालियर/झाँसी मण्डल 4. श्री हराधन गोरेन, प्वाण्टसमैन, पनहाई/ प्रयागराज मण्डल 5. श्री पंकज कुमार सिंह, स्टेशन मास्टर, लोहगरा/प्रयागराज मण्डल 6. श्री दीपक अग्रवाल, उप स्टेशन प्रबन्धक, खजराहा/झाँसी मण्डल 7. श्री कुलदीप सिंघल, स्टेशन मास्टर, मथुरा/आगरा मण्डल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त श्री अमरजीत सिंह गिल, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, झाँसी/झाँसी मण्डल को विशेष सेवा पुरस्कार से सम्मनित किया गया। श्री कुलदीप सिंघल, स्टेशन मास्टर, मथुरा/आगरा मण्डल को मई 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री कुलदीप सिंघल ने दिनांक 18.05.2025 को मथुरा जंक्शन पर ड्यूटी के दौरान VPU पर एक Couple Light Engine को शंट सिग्नल नं. 183 को ऑन स्थिति में पास कर लाइन नं. 5 की तरफ बढ़ते देखा। इन्होंने तुरंत Couple Light Engine पर कार्यरत प्वाइंटसमैन को इंजन को खड़ा करने को बोला एवं साथ ही साथ लाइन नं. 05 के लिए ऑफ रूटिंग होम सिग्नल को बैक किया एवं लाइन नं. 5 पर आ रही गाड़ी के लोको पायलट को भी गाड़ी खड़ी करने के लिए वॉकी-टॉकी पर बोला। इस प्रकार इनकी सजगता एवं सतर्कता से एक संभावित रेल दुर्घटना को रोका जा सका।

## प्रयागराज मंडल का सख्त एक्शनः अनावश्यक चेन पुलिंग (ACP) के 3,600 से अधिक मामले, 1,550 से अधिक गिरफ्तार

भारत संवाद

प्रयागराज मण्डल द्वारा ट्रेनों में अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग ( ACP ) करने वालों को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अनावश्यक चेन पुलिंग ट्रेनों के सुचारू संचालन को बाधित करती है और यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालती है। इसे रोकने के लिए रेल प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप प्रयागराज मण्डल द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से 23 जून तक अनावश्यक चेन पुलिंग के 3628 मामले दर्ज किए गए एवं 1567 लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गयी । इनमें से अप्रैल 2025 में 1188 मामले दर्ज कर 413 लोगों को गिरफ्तार किया गया, मई 2025 में 1265 मामले दर्ज कर 665 लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं जून 2025 में अब तक 1175 मामले दर्ज कर 459 लोगों को गिरफ्तार किया गय

अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग के विरुद्ध चालू वित्तीय वर्ष में 23 जून तक प्रयागराज जंक्शन पर 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया, प्रयागराज छिवकी पर 67 लोगों को गिरफ्तार किया गया , नैनी जंक्शन पर 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया, मिजार्पुर स्टेशन पर 128 लोगों को गिरफ्तार किया गया, कानपुर सेंट्रल पर 230 लोगों को गिरफ्तार किया गया गया, फतेहपुर स्टेशन पर 133 लोगों को गिरफ्तार किया गया, फफूंद स्टेशन पर 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इटावा जंक्शन पर 130 लोगों को गिरफ्तार किया गया, टूंडला जंक्शन पर 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं अलीगढ़ जंक्शन पर 128 लोगों




को गिरफ्तार किया गया । इसके अतिरिक्त अन्य स्टेशनों पर भी अनावश्यक चेन पुलिंग के मामले दर्ज कर कार्यवाई की गयी ।

उत्तर मध्य रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान अनावश्यक चेन पुलिंग न करें, चेन पुलिंग का दुरुपयोग कानूनी अपराध है इसमें जुमार्ना और जेल दोनों का प्रावधान है और इससे यात्रियों को भी असुविधा होती है । रेल प्रशासन ट्रेनों की समयबद्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर तत्पर है और यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि सभी यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिल सके

## प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान

भारत संवाद



प्रयागराज मण्डल अपने सभी यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, श्री हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में विविध अभियान चलता रहता है । प्रयागराज मण्डल सभी यात्रियों को उत्तम भोजन, शुद्ध पेय जल, स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ टिकट रहित और अनियमित यात्रा करने वालो पर अंकुश लगाने के लिए स्टेशनों एवं गाड़ियों में टिकट चेकिंग अभियान चलाता रहता है। दिनांक 24.06.2025 को प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य निरीक्षक, श्री ओम प्रकाश के सुपरविजन में 04 टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ ,टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस जांच अभियान में टिकट रहित, अनियमित यात्रा, अवैध वेंडिंग, गंदगी फैलाने वालों, धूम्रपान एवं अंबुक्ड लगेज वालों पर जुमार्ना लगाया गया । इस जांच अभियान मे गाड़ी संख्या 13201( पटना जंक्शन से मुंबई एलटीटी ) मुंबई एलटीटी जनता एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 09025( वलसाड से दानापुर ) दानापुर स्पेशल की सघन जांच की गयी । इस जांच अभियान में कुल 109 यात्रियों को प्रभावित कर 67910/- रूपए जुमार्ना वसूल किया गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले 108 यात्रियों से रू -67710/- तथा गंदगी फैलाने वाले 01 यात्री सेरु-200/-वसूल किए गए। रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएं, कूड़ा कूड़ेदांन में ही डाले तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें रेलवे अपने सभी यात्रियों का सम्मान करती है और उनकी सुखद यात्रा की कामना करती है

## गौंडा क्षेत्र के गांव रजावल मे कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हुई प्रारम्भ




भारत संवाद

बता दे कि व्लॉक गौंडा के गांव रजावल मे 101कलश शोभा यात्रा द्वारा श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व्यास परम पूज्य श्री देव जी महाराज वृजवासी के मुखारविंद से शुभारंभ की गई । जो कि परीक्षत अमित चौधरी व आयोजक सतीश चौधरी ,अजीत चौधरी, अमित चौधरी,सूरज चौधरी,एवं समस्त परिवारजन व समस्त भक्तगणो ने इस कलश यात्रा में नाच गाकर सभी भक्तों ने आनंद उठाया तथा कथा प्रवचन नित्य दोपहर 12 वजे से 4वजे तक हुआ करेगी ऐसा परीक्षत अमित चौधरी,व कथा वाचक व्यास जी महाराज ने बताया ।।

## केडीए द्वारा विकसित किए गए 'स्वर्ण जयंती विहार' व आसपास की बस्ती की सड़कें बदहाल, वरिष्ठ पत्रकार ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

भारत संवाद

कानपुर , स्मार्ट सिटी वाले शहर कानपुर में बसी बस्तियों की बदहाली इस कदर है कि जिम्मेदार अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी यहां जाने से बचते हैं। कानपुर विकास प्राधिकरण' द्वारा विकसित किए गए 'स्वर्ण जयंती विहार' व आसपास की बस्ती की सड़कों की बदहाली और वहां रहने वाले लोगों स्थित पर ध्यान आकृष्ट कराने हेतु कानपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकार श्री श्याम सिंह पंवार ने सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष उ०प्र० को पत्र लिखकर यहां पर व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया है। श्री पंवार ने पत्र में बताया कि स्वर्ण जयंती विहार फेस-5, 6 व 7 सहित आस-पास की बस्ती के लिए जाने वाली सड़क आज से 3-4 वर्ष पहले जैसे बदहाली में थी, ठीक उसी तरह वर्तमान में भी बदहाल है और सड़कों की बदहाली दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। सड़कों के किनारे विलायती बबूल आदि की कंटीली झाड़ भी तैयार हो चुकी है। मुख्य सड़क में एक-एक फुट से ज्यादा की गहराई वाले अनगिनत गड्ढे बन चुके हैं, जिनमें भरा पानी



देखकर ' गांव की तलैया' की याद ताजा हो जाती है।

इस सवाल यह अवश्य उठता है कि, न जाने क्यों इस क्षेत्र को यशश्वी मुख्यमंत्री योगी जी के गड्ढा मुक्त अभियान की हवा नहीं लगी ?

श्री पंवार ने कहा कि हमें आपसे अपेक्षा है कि आप, जनहित में स्वर्ण जयंती विहार सेक्टर - 5 को जाने वाली सड़क से अपने वाहनों के काफिले सहित गुजरते हुए स्थलीय निरीक्षण कर इस बदहाली का जायजा लेंगे और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को पत्र लिखकर आवागमन हेतु पनपी गंभीर समस्या का समाधान करवाने में महती भूमिका अवश्य अदा करेंगे।

समापन

### गंगा तट पर संस्कृति और चेतना का संगम ग्लोबल इश्यूज एंड इंडियन सॉल्यूशंस पर हुई विशेष चर्चा

## इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) सम्मेलन का परमार्थ निकेतन में भव्य समापन

भारत संवाद




ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) सम्मेलन का आज भव्य समापन हुआ। भारत के विभिन्न राज्यों से आये सैकड़ों युवाओं ने इस अद्वितीय सम्मेलन में भाग लेकर न केवल वैश्विक नेतृत्व, नीति निर्माण और संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली को समझा, साथ ही स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में भारतीय संस्कृति, जीवन मूल्यों, सनातन परंपरा, योग और अध्यात्म की गहराईयों को भी आत्मसात किया।

तीन दिवसीय इस शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी में युवाओं ने अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ भारत की दिव्य संस्कृति, माँ गंगा और आध्यात्मिक मूल्यों से भी गहरा जुड़ाव अनुभव किया। सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि जहां एक ओर प्रतिभागी संयुक्त राष्ट्र के विविध अंगों की कार्यशैली को मॉडल डिबेट्स, पैनल चचाओं और नीति विमर्श के माध्यम से सीखे, वहीं दूसरी ओर उन्होंने परमार्थ निकेतन की दैनिक दिनचर्या में सहभागी बनकर योग, ध्यान, यज्ञ, गंगा आरती और स्वच्छता संकल्प जैसे अनुभवों के माध्यम से जीवन को भीतर से देखने की नई दृष्टि प्राप्त की। प्रतिदिन सायंकाल होने वाली दिव्य गंगा आरती ने युवाओं के मन-मस्तिष्क को भारतीय आस्था, श्रद्धा और पर्यावरण चेतना से जोड़ा।

(आईआईएमयूएन) के इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में वैश्विक मुद्दों की समझ तो विकसित करना तथा भारतीय दृष्टिकोण से उनका समाधान भी तलाशना है। परमार्थ निकेतन की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा से ओतप्रोत होकर युवाओं ने जाना कि एक सच्चा नेता वही होता है जो सेवा, सत्य, सहिष्णुता और समर्पण जैसे मूल्यों को जीता है।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान युवाओं ने न केवल वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की विधियों को जाना, बल्कि भारतीय जीवनशैली, जैसे आयुर्वेद, संयमित दिनचर्या, आत्म अनुशासन, और जल-पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर संवाद किया। सम्मेलन में ह्लग्लोबल इशूज एंड इंडियन सॉल्यूशंसह्व पर विशेष सेशंस भी हुए, जहाँ यह समझने का प्रयास किया गया कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा आधुनिक समस्याओं का समाधान कैसे दे सकती है।

सम्मेलन में शामिल अनेक प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह तीन दिन उनके जीवन का दिशा परिवर्तन करने वाला अनुभव रहा।

छात्रों ने कहा कि परमार्थ निकेतन आकर पहली बार समझ आया कि भारतीय संस्कृति कितनी गहराई वाली और वैज्ञानिक है। गंगा आरती ने हमारे भीतर एक अद्भुत शांति और प्रेरणा का संचार किया है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आज का युवा निश्चित ही स्मार्ट, टेक्नोलॉजी से युक्त है और इनोवेटिव भी है। उसके पास ज्ञान का विशाल भंडार है और वह तेजी से बदलती दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है लेकिन आज की स्मार्टनेस के साथ-साथ उसे सस्टेनेबल और सेंसिटिव बनने की भी आवश्यकता है। सस्टेनेबिलिटी अर्थात प्रकृति, संसाधनों और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और सेंसिटिविटी अर्थात समाज, मानवीय मूल्यों और भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता।

युवाओं को न केवल अपने करियर और भविष्य की चिंता करनी चाहिए, बल्कि धरती, जलवायु, जैवविविधता और वंचित वर्गों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

## मातेश्वरी जगदंबा का स्मृति दिवस मनाया गया

भारत संवाद

गोडा , कस्बा में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विश्वविद्यालय की शाखा गौंडा पर मातेश्वरी जगदंबा मम्मा का स्मृति दिवस आज बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें बीके सावित्री बहन के द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिसमें उनके द्वारा कहा गया जैसा कि शास्त्रों में लिखा है हमें संसार आदि देवी अथवा देब के रूप में याद करता है वेदों में सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। अब हम यह जानते हैं कि सरस्वती प्रजापति ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्मा भी हैं ।जिनके द्वारा परमात्मा हर एक की इच्छाओं को पूरी करता है इसी कारण जगदंबा की पूजा होती है । सभी की इच्छाएं निराकार परमात्मा ही जगदंबा के माध्यम से पूर्ण करने वाला है । उसे मनुष्य आत्मा की रूहानी यात्रा को जिसका सबसे अधिक पूजन होता है जिन्होंने मम्मा के साथ रह उनके गुड़




को पहचान एवं मम्मा के मुख से मुरली सनी मम्मा का जीवन बहुत ही साधारण सेवा के प्रति तट पर था। मम्मा का जन्म 1920 में एक मध्यम वर्ग परिवार में माता रोज और पिता पोकर दास के घर अमृतसर पंजाब में हुआ था। 1936 से उनके रूहानी जीवन यात्रा प्रारंभ हुई थी मम्मा बहुत ही गुणवान आत्मा थी। वह 17 वर्ष की अल्प आयु में ही मम्मा आत्मक रूप से प्रख्यात हो गई थी सारी जिम्मेदारियां को अपने हाथ में ले लिया था। इस मौके पर बीके प्रियंका बहन, सुरेंद्र कुमार अटल मंडल महामंत्री, सुरेश गुप्ता, सत्यदेव गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता, सुखबीर सिंह महाशय, दलबीर सिंह, त्रिलोकी सिंह, राम चरन गुप्ता, सोनू सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

# गुप्त नवरात्रि कल (गुरुवार) से

## सभी दोषों को दूर कर मनोकामना पूर्ण करेगी देवी आराधना : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज

भारत संवाद



अलीगढ। वर्षभर में पड़ने वाली नवरात्रि की श्रृंखला में गुप्त नवरात्रि अपने आप में विशेष महत्व रखती हैं, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान तंत्र विद्या का विशेष महत्व है। साधक की जन्मकुंडली के समस्त दोषों को दूर करने वाली तथा चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को देने वाली होती है। इस बार गुप्त नवरात्रि पर्व 26 जून गुरुवार से मनाया जा रहा है। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी ने गुप्त नवरात्रि से जुडी जानकारी साझा करते हुए कहा कि आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 26 जून को दोपहर 1:24 मिनट तक रहेगी। गुप्त नवरात्रि पूरे 9 दिन की रहेगी। इस दौरान प्रतिपदा से लेकर नवमी तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है वहीं, 26 जून नवरात्रि की शुरूआत में सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 8:46 से अगले दिन प्रातः 5:31 मिनट तक रहेगा।इस योग में किए गए कार्य में सिद्धि प्राप्त होती है। गुप्त नवरात्रि घटस्थापना का शुभ मुहूर्त के विषय में स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने बताया कि प्रातः 9:09 मिनट से 11:00 बजकर 34 मिनट तक अति शुभ समय रहेगा। इसके अलावा सुबह 11:34 मिनट से दोपहर 1:24 मिनट तक शुभ समय रहेगा।गुप्त नवरात्रि में साधक 10 महाविद्याओं के लिए खास साधना करते हैं। यह नवरात्रि समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाली नवरात्रि है।

# जनसुनवाई: सफाई व जीआईएस सर्वे बिलों से सम्बंधित पहुंची समस्याएं

## सात समस्याओ में से एक का हुआ तुरंत निस्तारण

भारत संवाद



सहारनपुर। जनसुनवाई में आज आयी सात समस्याओ में तीन जीआईएस सर्वे से प्राप्त बिलों को ठीक कराने तथा महाड़ी स्थल के निकट स्थित शौचालय की सफाई सहित तीन सफाई सम्बंधी समस्याएं पहुंची। एक समस्या का तुरंत समाधान कराया गया।

नगर निगम में आज अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के नेतृत्व में जनसुनवाई शुरू हुई। वार्ड संख्या 31 मानकमऊ से ओमप्रकाश सैनी ने गोगा महाड़ी के पास बने शौचालय की सफाई कराने वार्ड 62 पक्का बाग याहयाशाह निवासी जावेद अख्तर ने याहयाशाह में नालियों की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना दिया। इसके अलावा वार्ड 6 वर्धमान कॉलोनी के अरविंद कुमार ने कॉलोनी की गली नंबर पांच में सफाई कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर तुरंत क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व कर्मचारी को भेजकर साफ सफाई करा दी गयी। वार्ड 63 मंसूर कॉलोनी के मौ. साजिद व मौ. नाजिम तथा वार्ड 66 नदीम कॉलोनी की बीना ने अलग-अलग प्रार्थना पत्र देकर जीआईएस सर्वे के बिलों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। अपर नगरायुक्त ने तीनों मामलों में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षकों को मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जा सके। इसके अलावा वार्ड 55 मिशन मार्किट के सागर चावला ने मिशन मार्किट में लगाये गए एक विज्ञापन बोर्ड को हटाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके लिए प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए।

# वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति ने महाराजा अग्रसेन के दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

भारत संवाद

सहारनपुर। वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति सहारनपुर द्वारा महाराजा अग्रसेन चैक रेलवे रोड पर महाराजा अग्रसेन की आरती व पूजन का कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लिया गया। कार्यक्रम की संयोजक संस्था मित्र मंडल रही। दीप प्रज्वलित करके जिला अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल द्वारा बहनों को एकता की सूत्र में बंधे रहने का आवाहन किया और सुख-दुख में एक दूसरे के साथ खड़े रहने की प्रेरणा दी। बच्चों को महाराजा अग्रसेन जी के पद चिन्ह पर चलने के लिए प्रेरित किया पुष्पांजलि का कार्यक्रम जिला महामंत्री रवि गुप्ता द्वारा किया गया अर्चना गोयल द्वारा सभी बहनों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विदुषी अग्रवाल, श मंजू मित्तल, आरुषि अग्रवाल, संगीता गोयल, पूजा अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, संगीता गोयल, सुमन गर्ग, रजनी अग्रवाल, नितुल, स्वाति आदि मौजूद रही।

फास्ट ट्रैक

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई आयोजित

अयोध्या । जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला पर्यावरण समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान जनपद में स्थित प्रमुख औद्योगिक निकायों द्वारा रखें गयें सी.एस.आर फंड को मा.एन.जी.टी आदेशानुसार जिला पर्यावरण समिति के कार्यों में लगाये जाने, नगर निगम अयोध्या द्वारा सॉलिड वेस्ट, प्लॉस्टिक वेस्ट, लिक्विड वेस्ट पर प्रेजेंटेशन का प्रस्तुतिकरण, रॉयल पालूशन सर्विसेज एजेन्सी द्वारा राजकीय चिकित्सालयों एवं प्राइवेट चिकित्सालयों में बायोमेडिकल तथा क्लिनीकल अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारिकण (मात्रा/समय/स्थान इत्यादि) पर, सॉलिड वेस्ट, प्लॉस्टिक वेस्ट, लिक्विड वेस्ट बायोमेडिकल तथा केमिकल अपशिष्ट के निस्तारण एवं सूचना उपलब्ध कराने आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी और आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नगर सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई आयोजित।

अयोध्या , जिलाधिकारी श्री निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक करते हुए जनपद अयोध्या में कनिष्क वर्मा द्वारा बनाए जा रहे जिला गंगा एक्शन प्लान की कार्य की प्रगति पर संक्षिप्त वर्णन, जनपद अयोध्या के जमथरा स्थित 33 एमएलडी एसटीपी से सम्बन्धि समस्त अनटैब्य नालों को ससमय टेन्ड किये जाने, माह जुलाई में समस्त विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग द्वारा नदियों और तालाबों के किनारे पौधारोपण कराये जाने, जनपद अधोध्या में स्थित तिलोदकी नदी के पुनरूद्धार की प्रगति की स्थिति पर चर्चा, नदियों एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं में जागरूकता के लिए प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यशाला आयोजित कराये जाने पर चर्चा। ऋऊढटर पोर्टल पर आपलोड किये जाने वाले समस्त वांछित सूचनाओं सम्बन्धित विभागों द्वारा ससमय दिए जाने के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि नालों के टैपिंग का कार्य अतिशीघ्र करा लिया जाय और सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए।

# मीना कुमारी 25 को अलीगढ़ एवं 26 को खैर में करेंगी महिला जनसुनवाई

अलीगढ़ (सू0वि0): उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा 25 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस एवं 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से तहसील खैर में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित महिला जनसुनवाई में स्वयं उपस्थित होने का कष्ट करें।

# सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार के लिए 04 सितम्बर तक करें आवेदन

अलीगढ़ (सू0वि0): सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग देवेन्द्र कुमार ने बताया है कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा संचालित सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 के लिए अलीगढ़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद-अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा एवं मथुरा में निवास करने वाले समस्त बुनकरों से उनके उत्पादन के उत्कृष्ट नमूने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के चयन के लिए आंमत्रित है। उन्होंने बताया कि बुनकर बन्धु अपने उत्कृष्ट नमूनों के साथ समस्त विवरण जैसे-वार्प, वेस्ट, सूत एवं रंग डिजाईन इत्यादि सम्बन्धी तकनीकी विवरण प्रार्थना-पत्र एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ संलग्न कर संबंधित जिले में तैनात क्षेत्रीय कर्मचरियों के माध्यम से अथवा सीधे परिक्षेत्रीय कार्यालय-सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को 04 सितम्बर 2025 तक जमा करा दें।

# गुजरात व पंजाब उपचुनाव में जीत से 'आप' नेताओं के चेहरे खिले

भारत संवाद




आम आदमी पार्टी अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष संजीव कौशिक ने कहा कि मोदी के गढ़ में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजनीति में जबरदस्त वापसी हुई है। जिला महासचिव दीपक चौधरी ने कहा अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) ने गुजरात और पंजाब के उपचुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल कर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत वापसी का ऐलान किया है। महानगर अध्यक्ष मोनिका थापर ने कहा गुजरात की विसावदर विधानसभा सीट पर श्री गोपाल इटालिया और पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर संजीव अरोड़ा ने शानदार जीत दर्ज की है। विशेष रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गढ़ गुजरात में भारतीय जनता पार्टी को करारी शिकस्त देकर आप ने यह साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास अब ईमानदार और जन-केंद्रित राजनीति पर है। इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए गांधी पार्क (पुराना बस अड्डा) पर जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल के नेतृत्व में एक आयोजन किया गया। कार्यकताओं के साथ-साथ मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बनाया, जो आप के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन का प्रतीक है। जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह ने कहा इस जीत ने न केवल आप की नीति, नीयत और नेतृत्व पर जनता के विश्वास को मजबूत किया है, बल्कि यह भी दशार्या है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रीय राजनीति में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। यह जीत कार्यकताओं की मेहनत और जनता के अटूट समर्थन का परिणाम है। आज के कार्यक्रम रविंद्र पाल ठाकुर नरेंद्र सिंह सीपी सिंह हजरत अली अनिल गौड़ अजय बेनीवाल साबिर अली रजत शर्मा नीतू शेरवानी डॉक्टर मनीष शर्मा मीना भारद्वाज हाशिम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम प्रशासिका जगदंबा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस धूमधाम से मनाया गया

भारत संवाद

शहर के धनुआ स्थित ब्रह्माकुमारीज के मुख्य सेवाकेंद्र सद्भावना भवन में ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती (मम्मा) का स्मृति दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। यह उनका 62वां स्मृति दिवस था। जगदंबा सरस्वती का बाल्यकाल का नाम राधे था और वह 16 साल की उम्र में ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के संपर्क में आई। उनकी योग्यता, निष्ठा तथा अध्यात्म के प्रति रुचि को देखते हुए ब्रह्मा बाबा ने उन्हें ब्रह्माकुमारीज की प्रथम प्रशासिका नियुक्त किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय निदेशिका मनोरमा दीदी ने बताया कि मां ने 42 वर्ष की उम्र में शरीर छोड़ दिया था, परंतु अपने 26 वर्ष के ब्रह्माकुमारी जीवन में उन्होंने अध्यात्म की उस ऊंचाई को और योग की उस गहराई को नापा जो साधारण मानव के लिए संभव नहीं है। मम्मा की पवित्र शक्तिशाली दृष्टि के सामने किसी भी आत्मा का कड़े से कड़ा संस्कार भी बदल जाता था, लोगों को उनका साक्षात्कार दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती आदि के रूप में होने लगता था। मम्मा अंतमुर्खी, गंभीर होने के साथ-साथ रमणीकता एवं स्नेह की भी प्रतिमूर्ति थी। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के छोटे से यज्ञ को बहुत प्यार से संभाल कर एक विश्वव्यापी संस्थान बना दिया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आप को ज्ञान और योग के मार्ग पर निरंतर चलाना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में प्रयागराज एवं आसपास के जनपदों से लोग एकत्रित हुए तथा जगदंबा सरस्वती को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ब्रह्मा भोजन का भी आयोजन किया गया।



# स्वरगपुरी आश्रम में भव्य योग कार्यक्रम संपन्न

भारत संवाद



देहरादून, चेतना महिला समिति द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वर्गपुरी आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय योगदिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।यह कार्क्रम मैडम विजय निझौन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि इनके द्वारा योग की कक्षाएं कई वर्षों से चलायी जा रही है तथा इनके ही नेतृत्व में एक सब सेंटर रेसकोर्स वैली में भी चलाया का रहा है इसकी मुख्य शिक्षिका मैडम कर्मजीत कौर मनचंदा है जो स्वयं भी करीब 20 सालों से योग से जुडी हुयी हैं। इस कार्क्रम में दोनों सेंटर की साधिकाये शामिल हुयी जिसकी संख्या लगभग 75 -80 थीं। कार्यक्रम में सूक्षम व्यायाम, प्राणायाम, कपालभाति, सूर्यासन एवं योगासन कराये गए और इनके लाभ बताने साथ विशेष अनुसाशन के सम्बन्ध में भी बताए गया। मुख्य शिक्षिका मैडम निझौन द्वारा सभी साधको को अनुशासन, समय का धयान, खान पान के भी गुर सिखाये।इस ग्रुप में 3 0 से 70 वर्ष की आयु की साधिकाओ ने भाग लेकर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यत्मिक लाभ लेकर लिए तथा अनेकों साधको द्वारा यहाँ से योग सीखकर अनेकों जगह सेण्टर के माध्यम से योगासन का प्रचार प्रसार भी कर रहीं हैं जो कि एक बड़ी मानव सेवा है।

# जिला जज एवं जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

भारत संवाद



अलीगढ़ (सू0वि0): जिले की न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिला जज अनुपम कुमार, जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन और अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन रंजन श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन एवं न्यायिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुधारात्मक दृष्टिकोण के साथ जेल व्यवस्थाओं को मानवाधिकारों के अनुरूप बनाए रखना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के स्वास्थ्य, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधा, विधिक सहायता और पुनर्वास कार्यक्रमों की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने रसोईघर, अस्पताल, महिला बैरक, हाई-सिक्योरिटी बैरक सहित विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। जिला जज ने बंदियों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जेल प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जेल परिसर में स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, जेलर, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु की बैठक हुई आयोजित

भारत संवाद

सुलतानपुर ,मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह जून, 2025 की जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर सभी विभागों के समय सीमा के अन्दर एवं उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० के समय सीमा के उपरान्त लंबित प्रकरणों के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बैठक में प्रभारी उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वित्त पोषित योजनाओं में पी०एम०ई०जी० नहीं हुआ है मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 31 आवेदन पत्र बैंको को प्रेषित किये गये हैं, जिसमें 13 पर स्वीकृति एवं वितरण तथा ओ०डी०ओ०पी० योजना में 09 आवेदन पत्र बैंको को प्रेषित किये गये है, जिसमें 02 पर स्वीकृति एवं वितरण किया गया है। जनपद में 23 विभागों द्वारा हस्ताक्षरित एम०ओ०यू० की प्रगति के सम्बन्ध में उद्यमी मित्र पीयूष दीक्षित द्वारा बताया गया कि विभिन्न विभागों की 52 इकाईयों द्वारा उत्पादन कार्य प्रारम्भ है एवं 53 अन्य इकाईयां निमार्णाधीन है। नये उद्योग क्षेत्र विकसित किये जाने के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया ग्राम ढखवा तहसील सदर सुलतानपुर में 05 एकड़ भूमि चिन्हांकन की कार्यवाही अधिशाषी अभियन्ता उ0प्र0 लघु उद्योग निगम कानपुर के स्तर से प्रक्रियाधीन है। निजी औद्योगिक पार्कों के विकास विकास हेतु ढछएऊॠए के सम्बन्ध में समस्त उद्यमियों/औद्योगिक संगठनों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा इच्छुक उद्यमियों से जिनके पास 10 एकड़ से 50 एकड़ तक निजी भूमि उपलब्ध हो अथवा कई उद्यमी संगठित होकर प्रस्ताव/आवेदन भूमि के स्वामित्व के कागज एवं आगणन सहित जिला उद्योग केन्द्र में उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी।

# समर क्रिकेट कैंप लीग का फाइनल मैच अंश इलेवन बनाम युग इलेवन के बीच खेला गया

भारत संवाद



सहारनपुर। श्री भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित समर क्रिकेट कैंप के तहत चल रही अंडर12 समर क्रिकेट कैंप लीग का फाइनल मैच अंश इलेवन बनाम युग इलेवन के बीच खेल गया। अंश इलेवन की टीम ने निर्धारित 15 ओवर के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए युग इलेवन ने 15 ओवर में 6 विकेट गवाकर 88 रन बनाए। युग इलेवन की ओर से नमनपाल ने 22 रन व कृष्णा ने 21 रनों का योगदान दिया। अंश इलेवन की ओर से नैतिक, आरव और ओम ने 2-2 विकेट लिए। 15 ओवर में 89 रनों का पीछा करने उतरी अंश इलेवन ने 11.5 ओवर में 4 विकेट गवाकर 90 रन बनाते हुए फाइनल मैच 6 विकेट से जीत लिया। अंश इलेवन की ओर से ओम ने सर्वाधिक 30 रन ओर आरुष ने 21 रनों का योगदान दिया। युग इलेवन की ओर से विशाल ने 2 ओर कृष्ण ने 1 विकेट लिया। फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच ओम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए चुना गया । इस लीग के बेस्ट बैट्समैन का खिताब 155 रन बनाने वाले बल्लेबाज युग ने जीता। बेस्ट बॉलर का खिताब लीग में सबसे ज्यादा 13 विकेट लेने वाले आरव मित्तल को मिला, बेस्ट फील्डर का खिताब निकुंज वर्मा को उनकी शानदार विकेट कीपिंग के लिए दिया गया । इस अवसर पर हेड कोच राजीव गोयल (टप्पू) ने सभी खिलाड़ियों देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान एकेडमी चेयरमैन रणधीर कपूर, राजीव गोयल (टप्पू), संजय शर्मा ओर एकेडमी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिया धरना

भारत संवाद

सहारनपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आज रागलीला ग्राउंड, हकीकत नगर में जिलेभर के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में सत्याग्रह एवं भूख हड़ताल का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व में प्रेषित मांग पत्र पर कोई ठोस निर्णय न लिये जाने पर रोष व्यक्त किया।

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 13/2025 दिनांकः 23.06.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रं. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | ई.म.डी.रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19256663 | विद्युत इंजनों के लिए चालक सीट का प्रावधान सीएलडब्ल्यू विनिर्देश संख्या सीएलडब्ल्यू /एमएस /3/021Alt-09 या नवीनतम एवं सीएलडब्ल्यू ड्रग संख्या 1211-01.131-001 या नवीनतम के अनुसार। | 445 Nos. | 4,82,570/- |

निविदा खुलने की तिथिः- 22.07.2025, नोटः- 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण-IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।, 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारुप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें।, 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा।, 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https:// www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1088/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा ।फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



# घर की बालकनी में लगा दिए ये 4 पौधे, तो खुशबू से महक उठेगा आपका पूरा घर

**घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग बहुत मेहनत करते हैं और अब आप अपने घर को खुशबू से भी महका सकते हैं। जी हां, अगर आप चाहते हैं कि आपका घर न केवल देखने में सुंदर हो बल्कि उसमें खुशबू भी फैले तो आपको अपनी बालकनी में कुछ खास पौधे लगाने चाहिए। इन खुशबूदार पौधों से ना केवल आपके घर की खूबसूरती बढ़ेगी, बल्कि इनकी महक से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। आइए जानते हैं, ऐसे चार खुशबूदार पौधों के बारे में जिन्हें आप अपनी बालकनी में लगा सकते हैं।**

### मोगरे का पौधा

अगर आप अपनी बालकनी में मोगरे का पौधा लगाते हैं, तो इसके फूलों की खुशबू पूरे घर में फैल जाएगी। मोगरे के फूलों की सुगंध इतनी प्यारी और मधुर होती है कि यह किसी को भी आकर्षित कर सकती है। मोगरे का पौधा बालकनी में लगाने से आपके घर के हर कोने में उसकी खुशबू पहुंच जाएगी, चाहे वह मेन दरवाजा हो या पीछे का दरवाजा। इसकी खुशबू आपके घर को एक अलग ही माहौल देगी।

### चमेली का पौधा

चमेली के फूलों की खुशबू बहुत ही मनमोहक होती है। जब आप अपनी बालकनी में चमेली का पौधा लगाते हैं, तो यह आपके पूरे घर को महकाने में मदद करता है। चमेली के फूलों की महक आपके दिन को बेहतर बना सकती है और आपको ताजगी का अहसास करवा सकती है। इसे आप किसी सुंदर गमले में लगाकर अपनी बालकनी के किनारे पर रख सकते हैं। इस पौधे के फूलों से आपके घर में एक नई ऊर्जा और खुशबू का अहसास होगा।

### रजनीगंधा का पौधा

रजनीगंधा के फूलों की खुशबू खासतौर पर रात के समय और भी ज्यादा तेज हो जाती है। रात के समय इसकी सुगंध इतनी ताजगी से भरी होती है कि आपको एक आरामदायक और चैन की नींद आती है। रजनीगंधा का पौधा बालकनी में रखने के साथ-साथ आप इसे घर के अंदर भी रख सकते हैं। इस पौधे को छायादार जगह पर भी लगाया जा सकता है, और यह कम रोशनी में भी अच्छी तरह से पनपता है। इसकी खुशबू आपके घर के वातावरण को शांति और सुखमय बना सकती है।

### गुलाब का पौधा

गुलाब के फूलों की खुशबू बहुत ही लुभावनी होती है। गुलाब का पौधा आपके घर की बालकनी में लगाए तो यह न केवल आपके घर को महकाएगा, बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाएगा। गुलाब के विभिन्न रंगों के फूल आपकी बालकनी को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। गुलाब के फूलों की महक से पूरा घर महक उठेगा और यह आपकी हर एक सांस में समा जाएगी। गुलाब का पौधा किसी भी प्रकार के मौसम में बहुत अच्छे से पनपता है और यह आपके घर को ताजगी से भर सकता है।




### खुशबू का मानसिक और शारीरिक प्रभाव

इन पौधों की खुशबू आपके मूड को भी फ्रेश कर सकती है। इनकी महक से आपका मानसिक तनाव कम हो सकता है और एक सुखद माहौल बन सकता है। जब आप इन पौधों के बीच बैठते हैं तो यह न केवल आपके घर को खुशबूदार बनाएंगे, बल्कि यह आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेंगे। यह पौधे आपके घर में न केवल ताजगी और खूबसूरती लाते हैं, बल्कि आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाते हैं।

आप इन चार पौधों को अपनी बालकनी में लगाकर घर को न केवल खूबसूरत बना सकते हैं, बल्कि इनकी खुशबू से आपका मन भी शांत रहेगा। तो अपनी बालकनी में इन पौधों को लगाकर अपने घर को खुशबूदार बनाएं और हर दिन एक ताजगी का अनुभव करें।

# अनारकली सूट में दिखना है स्टनिंग तो अपनाएं ये फैशन हैक्स

**अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है।**



जब भी किसी वेडिंग फंक्शन या फैमिली पार्टी के लिए तैयार होने की बात होती है तो अक्सर हम सभी एथनिक वियर पहनना पसंद करती है। इन एथनिक वियर में अनारकली सूट भी एक बेहतरीन एथनिक वियर ऑप्शन माना जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो आपको एलीगेंट लेकिन रॉयल लुक देता है और शायद यही वजह है कि हर लड़की की वार्डरोब में अनारकली सूट होता ही है। यूं तो अनारकली सूट को ऐसे ही कैरी किया जा सकता है। लेकिन अगर इसके साथ कुछ आसान फैशन हैक्स को अपनाया जाए तो आप एक ही सूट को हर बार एक अलग तरह से कैरी कर सकती हैं। इतना ही नहीं, सिंपल सा अनारकली सूट भी आपके लुक को काफी एन्हॉन्स कर सकता है। अनारकली सूट को स्टाइल करते समय बस आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### दुपट्टे को यूं करें स्टाइल

अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है। आप दुपट्टे को एक तरफ कंधे पर पिन कर दो और दूसरी तरफ ढीला छोड़ दो। इससे एक रॉयल लुक मिलता है। या फिर अगर आप चाहें तो कमर पर बेल्ट लगाकर दुपट्टा फिक्स किया जा सकता है। यह ना केवल स्टाइलिश लगता है, बल्कि दुपट्टे को मैनेजर करना भी आसान हो जाता है।

### फुटवियर पर करें फोकस

जब आप अनारकली सूट पहन रही हैं तो उसके साथ हील्स को जरूर पहनें। फ्लैट्स से अनारकली में आपकी हाइट कम महसूस हो सकती है। अगर आप पेंसिल हील्स पहनने में कंफर्टेबल नहीं है तो ऐसे में ब्लॉक हील्स, मोजड़ी हील्स या कोल्हापुरी वेजेस पहने जा सकते हैं। वहीं, अगर आपको इसे लंबे टाइम तक पहनना है, तो कुशन वाले प्लेटफॉर्म हील्स को चुना जा सकता है। यह आपको कंफर्ट और ग्रेस दोनों देगा।

### समझदारी से स्टाइल करें ज्वेलरी

अनारकली सूट के साथ एक्सेसरीज को थोड़ा स्मार्टली कैरी करना चाहिए। मसलन, अगर अनारकली सूट की नेकलाइन हाई है तो ऐसे में नेकपीस पहनने से बचें। इसकी जगह बस आप बड़े झुमके या चांदबालियां स्टाइल कर लें। वहीं, अगर नेकलाइन डीप है, तो सिंपल पेंडेंट और छोटे स्टड्स भी काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा, दोनों हाथों को चूड़ियों से भरने की गलती ना करें। एक हाथ में स्टेटमेंट कड़ा रखो, दूसरे में वॉच।

# अब मलाई से घी बनाना नहीं झंझट वाला काम, जानिए 2 मिनट की आसान ट्रिक

आज के समय में खाने-पीने की चीजों में मिलावट आम बात हो गई है। बाजार में मिलने वाला घी कितना शुद्ध है ये जानना मुश्किल हो गया है। इसलिए लोग अब कोशिश करते हैं कि जो चीज घर पर बन सके, उसे घर में ही तैयार करें। खासकर महिलाएं जो शुद्धता को लेकर ज्यादा सजग होती हैं वो मलाई से घर का घी बनाना पसंद करती हैं। हालांकि कई लोगों को लगता है कि मलाई से घी निकालना एक लंबा और झंझट भरा काम है। लेकिन अगर सही तरीका अपनाया जाए तो ये काम न सिर्फ आसान बल्कि बहुत जल्दी हो सकता है। हाल ही में एक ऐसी ट्रिक सामने आई है, जिससे सिर्फ 2 मिनट में घी निकाला जा सकता है वो भी बिना ज्यादा झंझट के।



### कैसी मलाई लेनी चाहिए घी बनाने के लिए?

घी बनाने के लिए मलाई का सही होना सबसे जरूरी है। गीता चौधरी बताती हैं कि आपको 5 से 6 दिन पुरानी मलाई लेनी चाहिए। इससे ज्यादा पुरानी मलाई का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे घी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। आप चाहें तो हर दिन दूध उबालकर थोड़ा ठंडा करके फ्रिज में रखें, जिससे ऊपर एक अच्छी परत मलाई की जम जाती है। यही सबसे बढ़िया तरीका है ताजा मलाई इकट्ठा करने का।

### मलाई को गर्म करने का सही तरीका

जब आपके पास पर्याप्त मलाई इकट्ठा हो जाए, तो उसे एक गहरे बर्तन में निकाल लें। अब इस मलाई को एक चम्मच से अच्छे से मिला लें ताकि जो भी गांठें बनी हों वो हट जाएं। इसके बाद, मलाई को हल्का सा गर्म करें बिलकुल उतना जितना दही जमाने के लिए दूध गर्म किया जाता है। इसका मकसद है मलाई को थोड़ा मुलायम और तैयार करना।

### अब लगाएं दही जमाने वाली ट्रिक





इस स्टेप को खास मानती हैं। वे कहती हैं गर्म की गई मलाई में अब थोड़ा छाछ या जामन मिलाएं। जामन मिलाते वक्त ध्यान रखें कि मलाई ज्यादा गर्म ना हो सिर्फ इतनी गर्म हो कि आपकी उंगली उसमें आराम से जा सके। गीता ने बताया कि उन्होंने लगभग 2.5 चम्मच छाछ डाली थी। अगर आपकी छाछ खट्टी है, तो 2 चम्मच ही काफी होगी। अब इस बर्तन को 5-6 घंटे या पूरी रात के लिए ढक कर रख दें। इससे यह दही की तरह जम जाएगी।

### 2 मिनट में मक्खन कैसे निकालें?

जब मलाई दही की तरह जम जाए, तब आपको ज़्यादा मेहनत नहीं करनी। जमने के बाद इस दही में ठंडा पानी और बर्फ डाल दें। अब लकड़ी की मथनी (या रवी/चरणी) से इसे मथें। ध्यान रहे, आपको मिक्सर चलाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ 2 मिनट मथने के बाद, मक्खन और छाछ अलग हो जाएंगे। यह तरीका खास तौर पर गर्मियों के मौसम में बेहद फायदेमंद है क्योंकि इसमें ना ज़्यादा वक्त लगता है, ना ही आपको किचन की गर्मी में पसीना बहाना पड़ता है।

### अब घी बनाने की बारी

मक्खन तैयार हो जाने के बाद अब आखिरी स्टेप घी निकालने की है। मक्खन को एक गहरे बर्तन में डालें और धीमी आंच पर गर्म करें। थोड़ी ही देर में शुद्ध घी तैयार हो जाएगा, जिसे आप छानकर स्टोर कर सकती हैं। इस ट्रिक से बनाए गए घी को कोई पहचान नहीं सकता कि ये मलाई से निकाला गया है या बाजार से खरीदा गया है। साथ ही, एक और आसान तरीका है कुकर में घी बनाना, जो तेज़ और सुरक्षित रहता है। मलाई से घी निकालना अगर सही तरीके से किया जाए, तो यह न तो समय लेने वाला है और न ही झंझट वाला।

# एनएसए डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात

## बोले-आतंकवाद का मुकाबला करना जरूरी; राजनाथ भी एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे

एजेंसी

बीजिंग, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को बीजिंग में चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। यह बैठक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सुरक्षा सलाहकारों की 20वीं बैठक के मौके पर हुई। इस दौरान डोभाल ने साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के हर रूप का मिलकर मुकाबला करना जरूरी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों देशों ने आपसी रिश्तों की हालिया प्रगति की समीक्षा की और दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंध बढ़ाने पर जोर दिया। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी डोभाल और वांग ने बीजिंग में बैठक की थी, जहां कैलाश मानसरोवर यात्रा, ट्रांस-बॉर्डर नदी सहयोग और नाथुला ट्रेड जैसे मुद्दों पर 6 सहमतियों पर फैसला हुआ था। बैठक में यह तय हुआ कि अजीत डोभाल और वांग यी भारत में स्पेशल रिप्रजेंटेटिव (एसआर) स्तर की 24वीं वार्ता में



जल्द मुलाकात करेंगे। ठरअ डोभाल ने यह भी कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना और आतंकवाद से कठोरता से निपटना जरूरी है। पाक-भारत झड़प के बाद पहली बड़ी कूटनीतिक बैठक यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक सैन्य झड़प हुई थी, जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई थी। चीन ने उस आतंकी हमले की निंदा तो की थी, लेकिन साथ ही यह भी सामने आया था कि उसने पाकिस्तान को जंग के दौरान हथियारों दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं। राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात लाओस में एडीएमएम-प्लस शिखर सम्मेलन में हुई थी, जो सीमा विवाद के बाद पहली सीधी बातचीत थी। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 2020 से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद दिसंबर 2024 एक समझौता हुआ है। इसमें तय हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। 18 अक्टूबरः देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ।

# फ्रांस म्यूजिक फेस्टीवल के दौरान लोगों पर सुई से हमला

## इन्जेक्शन में डेट-रेप ड्रग्स देने का शक, 145 लोग घायल, 12 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

पेरिस, फ्रांस में 21 जून को एनुअल स्ट्रीट म्यूजिक फेस्टीवल 'फेते डे ला म्यूजिक' के दौरान कुछ संदिग्धों ने फेस्टीवल में आए लोगों को भीड़ का फायदा उठाते हुए इन्जेक्शन लगा दिए। सिरिंज हमले अक्सर अचानक और छिपकर किए जाते हैं। द गार्डियन के मुताबिक ये स्पष्ट नहीं है कि इन्जेक्शन में डेट-रेप ड्रग्स जैसे रोहिप्नोल या जीएचबी दिए गए या नहीं। ये ड्रग्स लोगों को बेहोश नशे में लाने के लिए इस्तेमाल होते हैं। कुछ पीड़ितों को टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट के लिए



अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। कई संदिग्धों ने मौके पर तोड़फोड़ भी की। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इन्जेक्शन देने की शिकायत के बाद पुलिस ने 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया।

इससे पहले एक फेमिनिस्ट इन्फ्लुएंसर ने पहले चेतावनी दी थी कि सोशल मीडिया पर महिलाओं को सिरिंज से निशाना बनाने की बातें हो रही थीं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ये पोस्ट कहां या किसने किए। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि देशभर में 145 लोगों ने सिरिंज से चुभने की शिकायत की, जिनमें पेरिस में 13 मामले शामिल हैं। पेरिस में तीन लोगों, जिनमें एक 15 साल की लड़की और 18 साल का लड़का शामिल है, ने सिरिंज से चुभने की शिकायत की। इससे पहले 2022 में भी क्लब, बार और संगीत आयोजनों में सिरिंज हमलों की शिकायतें आई थीं। सरकार ने तब लोगों को सतर्क रहने और सिरिंज से ड्रग दिए जाने की आशंका पर तुरंत पुलिस में शिकायत करने और टॉक्सिकोलॉजी टेस्ट कराने की सलाह दी थी। इस बार के उत्सव में 370 से ज्यादा लोग विभिन्न आरोपों में हिरासत में लिए गए हैं। जिनमें पेरिस में 90 लोग शामिल हैं। 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें एक 17 साल का लड़का भी है, जिसे पेट में चाकू के घाव के साथ पाया गया। 13 पुलिसकर्मी भी घायल हुए।

# तेहरान पर मिसाइल दाग नेतन्याहू का ट्रंप को दो टूक जवाब, हमले तो नहीं रुकेंगे

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है।**



एजेंसी

इजरायल और ईरान के सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही ऐलान कर दिया हो। लेकिन वास्तविकता में धरातल पर ऐसी तस्वीर फिलहाल तो नजर नहीं आ रही है। ईरान की तरफ से सीजफायर के ऐलान के कुछ ही घंटों बाद इजरायल पर मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। ऐसे में इजरायल भी कहां पीछे हटने वाला था, उसने तेहरान स्थित एक ईरानी रडार ठिकाने पर एयर स्ट्राइक कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान और इजरायल दोनों पर ही अपनी नाराजगी जताई है और सीजफायर तोड़ने को लेकर चेतावनी भी दी है। लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि हमले को टालना संभव नहीं है। ईरानी कार्रवाई के पलटवार में कुछ न कुछ करना जरूरी है। इसे इजरायल की ओर से सीमित जवाबी कार्रवाई बताया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फिर से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से ईरान पर बमबारी करने और संभावित हमलों के लिए तैनात पायलटों को तुरंत वापस बुलाने का आह्वान किया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने यह सीधा आह्वान ईरान और इजरायल दोनों द्वारा कथित तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने के तुरंत बाद किया।

इससे पहले उन्होंने ट्वीट करके इजरायल से ईरान पर बमबारी न करने को कहा था। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि ईरान पर बमबारी मत करो। अगर तुम बमबारी करोगे तो यह युद्ध विराम का गंभीर उल्लंघन होगा। पायलटों को तुरंत घर वापस लाओ। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब तेहरान और तेल अवीव के बीच सैन्य हमलों की एक श्रृंखला के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। हालांकि युद्ध विराम समझौते ने कुछ समय के लिए शांति की उम्मीद जगाई थी, लेकिन दोनों पक्षों ने नए हमले शुरू कर दिए, जिससे युद्ध विराम कमजोर हो गया और व्यापक संघर्ष की आशंकाएँ बढ़ गईं। एयर फोर्स वन में सवार होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने दोनों देशों के प्रति निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन लोगों को शांत होना चाहिए।

यह हास्यास्पद है। कल मैंने जो कुछ देखा, उसमें से बहुत सी चीजें मुझे पसंद नहीं आईं। मुझे यह बात पसंद नहीं आई कि हमारे सौदा करने के तुरंत बाद इजराइल ने हथियार उतार दिए... और मुझे यह बात भी पसंद नहीं आई कि जवाबी कार्रवाई बहुत कड़ी थी। ट्रंप ने स्पष्ट रूप से उत्तेजित होकर दोनों देशों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, ₹हमारे दो देश इतने लंबे समय से लड़ रहे हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं।

# अमेरिकी आर्मी बेस को टारगेट करने की कोई देश सोच भी नहीं सकता

## ईरान ने वो करके दिखाया

एजेंसी

भारत में ईरान के राजदूत ने कहा कि कतर और इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर तेहरान के हमले अभूतपूर्व थे और उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि वह फिर से ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा। इंडिया टुडे के साथ एक जोरदार साक्षात्कार में डॉ. इराज इलाही ने कहा कि ईरान ने इजरायल के साथ अपने संघर्ष में अमेरिका के प्रवेश की आशंका जताई थी और उसी के अनुसार तैयारी की थी। ईरानी दूत ने कहा

**ईरान ने शनिवार को अपने तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में सोमवार को कतर और इराक में अमेरिकी एयरबेसों पर मिसाइलें दागीं। हालांकि, ज्यादातर मिसाइलों को रोक दिया गया और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।**

कि इतिहास में किसी भी देश ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। ईरान ने ऐसा किया है। आप इसे एक प्रतीकात्मक प्रतिक्रिया के



रूप में गिन सकते हैं, लेकिन अगर अमेरिका इस गैरकानूनी कार्रवाई को दोहराता है, तो उसे भी यही जवाब मिलेगा। ईरान ने शनिवार को अपने तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों के जवाब में सोमवार को कतर और इराक में अमेरिकी एयरबेसों पर मिसाइलें दागीं।

# एयरस्पेस बंद होने की वजह से उड़ानों में व्यवधान को मॉनिटर कर रही सरकार, यात्रियों की सुरक्षा सबसे अहम




एजेंसी

**नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है।**

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इसके परिणामस्वरूप हवाई क्षेत्रों के बंद होने के बीच, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारतीय एयरलाइनों को परिचालन सुरक्षा बनाए रखने के लिए कई उड़ानों को रद्द करने या उनके मार्ग बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है। हाल ही में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और देशों के ऊपर हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण, भारतीय विमानन कंपनियों को परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उड़ानों को रद्द करने या उनके मार्ग बदलने के लिए बाध्य होना पड़ा है ।यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और व्यवधान और असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय एयरलाइनों ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वहां जाने वाली अपनी उड़ानों को या तो निलंबित कर दिया है, रद्द कर दिया है या उनका मार्ग परिवर्तित कर दिया है, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं और एयरलाइनों को भारी वित्तीय नुकसान भी हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय लगातार स्थिति की निगरानी कर रहा है और वास्तविक समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और व्यवधान और असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। भारतीय एयरलाइनों ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण वहां जाने वाली अपनी उड़ानों को या तो निलंबित कर दिया है, रद्द कर दिया है या उनका मार्ग परिवर्तित कर दिया है, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं और एयरलाइनों को भारी वित्तीय नुकसान भी हुआ है ।एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले से ही जूझ रही एयर इंडिया ने मध्य पूर्व, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं।

# यादव कथावाचक को इटावा में अपमानित किये जाने पर भड़के अखिलेश यादव

## बोले- प्रभुत्ववादी सीमा लांघते जा रहे हैं

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में सपा कार्यालय में इटावा के पीड़ित कथावाचकों का सम्मान किया और उन्हें 21-21 हजार की मदद दी। साथ ही समाजवादी पार्टी की ओर से 51-51 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की गयी।**



एजेंसी

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के दांदरपुर गांव में कथित तौर पर ब्राह्मण समुदाय के लोगों की ओर से यादव जाति के एक कथा वाचक और उसके सहयोगी का सिर मुंडवा देने की घटना ने राजनीतिक रूप से तूल पकड़ लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया है कि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को हुई। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि जिस व्यक्ति का सिर मुंडवाया गया था, उसकी शिकायत के आधार पर इटावा जिले के बकेवर थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अपर पुलिस अधीक्षक को घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में दूसरे पक्ष का कहना है कि कथावाचकों ने उनसे जाति छिपाई। वहीं पत्रकारों से बातचीत में पीड़ित कथा वाचक ने कहा, मैं पहले एक निजी स्कूल संचालित करता था लेकिन सरकार ने स्कूल बंद करवा दिया, इसलिए मैं भागवत कथा करने लगा और कथा वाचक मुकुट मणि का सहायक बन गया। उसने कहा, हमें 21 जून से दांदरपुर गांव में भागवत कथा के लिए बुलाया गया था। हमसे हमारी जाति पूछी गई। इसके बाद मुझे पूरी रात प्रताड़ित किया गया और मेरे बाल मुंडवा दिए गए। इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों के साथ एसएसपी से मिला और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि अगर तीन दिनों में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो पीडीए के मान-सम्मान की रक्षा के लिए एक बड़े आंदोलन का आह्वान किया जाएगा।

# असम में एनएच-27 पर भूस्खलन, रेल और सड़क संपर्क प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द की गईं

**असम के दिमा हसाओ में सिलचर और हाफलोंग के बीच एनएच-27 पर सोमवार शाम को भूस्खलन हुआ, जिससे रेल और सड़क संपर्क प्रभावित हुआ.**



एजेंसी

हाफलोंगः असम के दिमा हसाओ जिले में सोमवार शाम को हुए भीषण भूस्खलन से बराक घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल और सड़क संपर्क बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे दीमा हसाओ जिला अस्थायी रूप से अलग-थलग पड़ गया है. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अनुसार, एनएच-27 (सिलचर-हाफलोंग रोड) से बड़े-बड़े पत्थर और कीचड़ जतिंगा लामपुर और न्यू हरंगाजाओ स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर आ गए, विशेष रूप से लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर, जिससे रेल लाइन को गंभीर नुकसान पहुंचा. जिसके कारण, लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड पर रेल सेवा निलंबित कर दी गई है. एनएफआर ने 23 और 24 जून को सभी यात्री ट्रेनों को रद्द करने की पुष्टि की है.इस बीच, दीमा हसाओ जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने भूस्खलन के कारण जतिंगा लामपुर (हाफलोंग और सिलचर के बीच) में एनएच-27 को पूरी तरह से बंद घोषित कर दिया है. इसकी वजह से बराक घाटी, मणिपुर और मिजोरम के साथ सड़क संपर्क पूरी तरह से बाधित हो गया है.रेल अधिकारियों ने कहा है कि एनएच-27 का प्रभावित हिस्सा पहले से ही भूस्खलन के लिए संवेदनशील माना जाता था

# मेरी जान को खतरा है... तेज प्रताप ने सरकार से मांगी सुरक्षा

## बोले- साजिश रचने वाले 5 नामों का करेंगे खुलासा

**तेज प्रताप यादव ने एएनआई से कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई और किसके द्वारा हुई। जिस तरह से मुझे 4-5 लोगों ने साजिश के तहत पार्टी से निकाला, उसे बिहार की जनता ने देखा है। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है और मैं किस तरह से सबके साथ घुलमिल जाता हूं।**

एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता ने देखा है कि किस तरह पार्टी के चार-पांच सदस्यों की 'साजिश' के कारण उन्हें राजद से निष्कासित किया गया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता उनकी असलियत जानती है और वह सभी से जल्दी घुलमिल जाते हैं। तेज प्रताप ने दावा किया कि राजद के उन चार-पांच लोगों ने उनका दुरुपयोग किया। अब विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए यादव ने कहा कि अब वह आम लोगों के बीच जाएंगे और लोग ही उन्हें न्याय दिलाएंगे। तेज



प्रताप यादव ने एएनआई से कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई और किसके द्वारा हुई। जिस तरह से मुझे 4-5 लोगों ने साजिश के तहत पार्टी से निकाला, उसे बिहार की जनता ने देखा है। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है और मैं किस तरह से सबके साथ घुलमिल जाता हूं। इसका फायदा उठाकर राजद में बैठे कुछ 4-5 लोग सोचते हैं कि अगर मैं अकेला रह गया तो वे मुझे दबा देंगे। तेज प्रताप यादव को दबाया नहीं जाएगा और यह मैं आपको बता देना चाहता हूं। अब हम जनता के बीच जाएंगे और जनता मेरे साथ न्याय करेगी। 4-5 लोग बैठे हैं, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, इन पापी लोगों का नाम भी उजागर नहीं होना चाहिए।इसके अलावा, तेज प्रताप यादव ने इस बात पर जोर दिया कि वह राजद से अपने निष्कासन के लिए जिम्मेदार चार से पांच लोगों के नाम उजागर करेंगे। यादव ने कहा कि वह अदालत से मदद मांगेंगे और अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त करेंगे। निष्कासित राजद नेता ने कहा, ₹मैं डरने वालों में से नहीं हूं...मैं स्थिति का सामना करूंगा...मैं उन 4-5 लोगों के नाम उजागर करूंगा जिन्होंने मेरे साथ ऐसा किया है। कोई भी अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। मैं अदालत से मदद मांगूंगा।₹तेज प्रताप यादव ने बिहार सरकार से अपनी सुरक्षा बढ़ाने का आग्रह किया क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी जान को खतरा है।